आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, J.L.N. Road, Jaipur-302015

Website: http/the.rajasthan.gov.in/dept/dce/e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph : 01412706847 (Off)

File No. : CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/152 दिनांक 30.08.2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय –राजस्थान मिशन 2030 विकसित राजस्थान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय के कार्मिकों एवं हितधारकों का सेंसटाइजेशन।

सन्दर्भ– आयोजना विभाग का पत्र प.24(01)प्राशि / आयो. / 2023 दिनांक 29 अगस्त 2023 तथा एफ. 7(4)राजस्थान मिशन–2030 / अकाद / आकाशि / 2023–02661 / 151 दिनांक 29 अगस्त 2023

उपर्युक्त विषयातर्गत आयोजना विभाग के सन्दर्भित पत्र तथा आयुक्तालय के सन्दर्भित पत्र की निरन्तरता में लेख है कि दिनांक 31 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय की अध्यक्षता में राजस्थान मिशन 2030 सेंसटाइजेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में एन.सी.सी, एन.एस.एस, तथा रोवर–रेंजर समस्त विद्यार्थी तथा महाविद्यालयों में कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी निम्नानुसार नियत किए गए स्थान पर भाग लेंगे–

- **शिक्षा संकुल स्थित वीसी केन्द्र पर**:–माननीय उच्च शिक्षा मंत्री के साथ शासन सचिव उच्च एवं तकनीकि शिक्षा विभाग, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, समस्त संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा, अतिरिक्त आयुक्त, समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
- **जिला DOIT वीसी** केंद्र पर – क्षेत्रीय निदेशक एवं जिला मुख्यालय पर स्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राचार्यो द्वारा निर्धारित कुल अधिकतम **50 प्रतिभागी** जो जिला मुख्यालय पर स्थित महाविद्यालयों के हों, इनमें एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस स्वयं सेवक, तथा रोवर–रेंजर स्काउट तथा उनके अधिकारीगण अपनी यूनिफार्म में भाग लेंगे।
- **ब्लॉक DOIT वीसी** केंद्र पर – ब्लॉक स्तर पर स्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राचार्यो द्वारा निर्धारित अधिकतम **25 प्रतिभागी** जो ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित महाविद्यालयों के हों, इनमें एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस स्वयं सेवक, तथा रोवर–रेंजर स्काउट तथा उनके अधिकारीगण अपनी यूनिफार्म में भाग लेंगे।
- **पंचायत DOIT वीसी** केंद्र पर – पंचायत स्तर पर स्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राचार्य द्वारा निर्धारित अधिकतम **25 प्रतिभागी** जो पंचायत मुख्यालय पर स्थित महाविद्यालयों के हों, इनमें एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस स्वयं सेवक, तथा रोवर–रेंजर स्काउट तथा उनके अधिकारीगण अपनी यूनिफार्म में भाग लेंगे।
- **ग्राम पंचायत DOIT वीसी** केंद्र पर – ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राचार्य द्वारा निर्धारित अधिकतम **20 प्रतिभागी** जो ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित महाविद्यालय के हों, इनमें एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस स्वयं सेवक, तथा रोवर–रेंजर स्काउट तथा उनके अधिकारीगण अपनी यूनिफार्म में भाग लेंगे।
- महाविद्यालय में यूट्यूब अथवा वेबकास्ट लाइव से – उक्त श्रेणी यथा एन.सी.सी, स्काउट एवं एन.एस.एस के कैडेट्स एवं संकाय सदस्य तथा महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिक जो ग्राम पंचायत, पंचायत, ब्लॉक अथवा जिला मुख्यालय के DOIT **वीसी** केंद्र पर नहीं गए हो, वे महाविद्यालय में उपलब्ध डिजिटल स्क्रीन, यथा स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर प्रोजेक्टर, आईसीटी लैब प्रोजेक्टर लेपटॉप, मोबाईल आदि की सहायता से उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखेंगे।

—2—

- समस्त निजी महाविद्यालयों में यूट्यूब अथवा वेबकास्ट लाइव से –उक्त श्रेणी यथा एन.सी.सी, स्काउट एवं एन.एस.एस के कैडेट्स एवं संकाय सदस्य तथा निजी महाविद्यालयों में कार्यरत कार्मिक अपने महाविद्यालय में उपलब्ध डिजिटल स्क्रीन, यथा स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर प्रोजेक्टर, आईसीटी लैब प्रोजेक्टर, लेपटॉप, मोबाईल आदि की सहायता से उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखेंगे।
- उक्त कार्यकम का कार्यकम से पूर्व तथा पश्चात प्रेस नोट जारी कर व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।
- कार्यक्रम समाप्ति पर राजकीय/निजी महाविद्यालय उनको पूर्व में प्रेषित राजस्थान मिशन 2030 स्प्रेडशीट में प्रतिभागियों की संख्या भरना सुनिश्चित करें।
- जिन जिलों में जिला कलेक्टर के द्वारा इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में आदेश/निर्देश जारी किये गये हैं उस स्थिति में प्राचार्य उनसे समन्वय स्थापित कर तदनुसार इस कार्यक्रम में भाग लेवें।

महाविद्यालयों में उक्त कार्यक्रम में जुड़ने के लिए लिंक निम्नानुसार रहेगा :–

Date: 31/08/2023
Time: 11:00 AM -12:45 PM
Presentation Venue: to be decided by the department
youTube Link: https://www.youtube.com/watch?v=E5cVY0BeaAg
Webcast Link: https://webcast.rajasthan.gov.in/

समस्त संभागीगण प्रातः 10.45 पर वीसी केन्द्र/महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

(सुनील शर्मा)
आयुक्त

क्रमांक– CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/ दिनांक 30.08.2023
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1 निजी सहायक, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3 निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
4 समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
5 क्षेत्रीय निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान, जयपुर।
6 सम्बन्धित जिला समन्वयक, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आपके अधिन महाविद्यालयों में उक्त कार्यक्रम की सुनिश्चितता करें।
7 रक्षित पत्रावली।

(सुनील शर्मा)
आयुक्त

ALL LINKS

Date: 31/08/2023

Time: 11:00 AM -12:45 PM

YouTube Link:
https://www.youtube.com/watch?v=E5cVY0BeaAg

Webcast Link: https://webcast.rajasthan.gov.in/